# Youtube से पढ़ाई के 10 महत्वपूर्ण चैनल्स

कोरोना के कारण आज हम घरों में बंद है व बच्चों के स्कूल भी बंद हो चुके है l इससे बच्चों की शिक्षा पर काफी असर पडा है l कोरोना के चलते ना केवल बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर अपितु मानसिक स्तर भी काफी प्रभाव पडा है l आज ज्यादातर बच्चे घरों में बंद है और माँ बाप भी घर पर है ये दोनों के लिए ही एक अलग चुनौती लेकर आए है l

गावों में बच्चों के लिए और भी मुश्किलें है एक तो यहाँ बच्चों के पास पढने का साधन नहीं रह गया है जिससे इन बच्चों की पढाई पूरी तरह रुक चुकी है l दूसरा गावों के बच्चों को बाहर खेलने की आदत होती है जो कोरोना के चलते उनको बाहर खेलने का मौका नहीं मिल रहा है l इन सबके साथ सबसे ज्यादा दिक्कत उन घरों में है जहाँ पिता को दारु की लत है l Lockdown के चलते घरों में बच्चों व महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ गए है l

ऐसे में जरुरी है कि बच्चों को घर पर रहते हुए पढ़ाई में व मजेदार गतिविधियों में शामिल किया जाए l इस लेख के जरिये हम यहाँ Youtube पर उपलब्ध ऐसे चैनल्स का नाम बता रहे है जहाँ बच्चों के लिए सीखने की बहुत सारी सामग्री है तो आइए इन चैनल्स के बारें में जानते है l

१. Arvind Gupta (https://www.youtube.com/user/arvindguptatoys/)

कबाड़ के जुगाड़ से खिलौने बनाकर बच्चों को साइंस पढ़ाने वाले अरविन्द गुप्ता जी का भारत के गिने चुने शिक्षाविद में नाम आता है और 2018 में उनको भारत सरकार द्वारा पद्माश्री से भी नवाजा गया l अरविन्द गुप्ता आई.आई.टी कानपूर के छात्र है तथा गांधीवादी विचारधारा के व्यक्ति है l वे पिछले पच्चीस सालों से बच्चों को विज्ञान सीखा रहे है l वे अध्यापक है, इंजीनियर है, खिलौने बनाते है, किताबों से प्रेम करते है और अनुवादक है l उन्होंने 150 से अधिक पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद किया है l

उनकी वेबसाइट भी है http://www.arvindguptatoys.com/ . यहाँ आपको बच्चों से संबंधित अनेक प्रकार की किताबें फ्री में मिल जाएंगी l इस वेबसाइट के बारें में हर टीचर को और हर student को जानना बहुत जरुरी है l यहाँ सबके लिए कुछ न कुछ जरुर है l

2. TicTacLearn Hindi
(https://www.youtube.com/channel/UCkxfbAky2v0yXuKWOKCDy1w/playlists)

TicTacLearn एक नया चैनल है जो Central Square Foundation द्वारा जनवरी 2020 में शुरू किया गया l यहाँ पाठ्यक्रम से संबंधित 12000 videos अलग-2 भाषाओँ में उपलब्ध है l यहाँ पहली कक्षा से लेकर दशवी कक्षा के लिए सामग्री है l ये सामग्री DIKSHA APP पर भी उपलब्ध है l

3. DSH Online (https://www.youtube.com/user/DSHOnline/playlists)

Digital Study Hall, U.P बोर्ड के best टीचर्स की videos को रिकॉर्ड करता है और youtube पर available करता है l ये मुहीम Study Hall Educational Foundation (SHEF) संस्था द्वारा चलाई गयी l स्कूलों में टीचर्स की कमी को पूरा करने के लिए शुरू किया गया था l इसके जरीए बेहतरीन टीचर्स के द्वारा पढाए गए कक्षा पहली से कक्षा आठवी के सभी पाठन सामग्री को रिकॉर्ड किया गया है l ये videos बच्चों को पढ़ाने के लिए काफी लाभदायक रहेंगे l

4. MocomiKids
(https://www.youtube.com/channel/UCFKrbHKFDXN2xeDYKPQ5UiQ)

MocomiKids पर हर उम्र के बच्चों के लिए videos है l यहाँ आप रोमांचक कहानियाँ, सामान्य ज्ञान, चित्र बनाना सीखना और विज्ञान से जुड़े ढेरों videos देख सकते है l 30 लाख से ज्यादा subscribers के साथ ये चैनल बच्चों में बहुत फेमस है l

5. Crazy GkTrick (https://www.youtube.com/channel/UCIl28Ab-H
3LYIPw4hhQexA/featured)

Crazy GkTrick बच्चे हो या बड़े सबके लिए सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जागरूकता पर हिंदी का काफी अच्छा चैनल है l लगभग 40 लाख subscribers को ये चैनल अनेक विषयों पर videos उपलब्ध कराता है l अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे है तो भी ये चैनल आपके लिए काफी उपयोगी होगा l

6. LearnoHub (https://www.youtube.com/user/ExamFearVideos/featured)

पहले ये चैनल ExamFear के नाम से हुआ करता था l अभी इसका नाम LearnoHub हो गया है l यहाँ आपको हिंदी में 6ठी से लेकर 12वी तक के विषयों पर videos मिलेंगे l यहाँ बच्चों को इंग्लिश, साइंस एवं मैथ्स के विषयों को काफी आसान तरीके से समझाया गया हैl

7. 7activestudio (https://www.youtube.com/user/7activestudio/featured)

इस चैनल पर स्कूल पाठ्यक्रम से संबंधित विषयों पर 3D में सामग्री उपलब्ध है l यहाँ इंग्लिश में समझाया गया है लेकिन ये इतना मजेदार है कि हर बच्चे को ये चैनल जरुर देखना चाहिए l इससे बच्चों में जिज्ञासा पैदा होगी एवं हिंदी बैकग्राउंड के बच्चों को भी

समझने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी l अगर बच्चे की इंग्लिश ठीक ठाक है तो ये चैनल जरुर दिखाए l

8. Khan Academy India (https://www.youtube.com/channel/UCUokWLAbhVGxXarmE3b8rHg/playlists)

आप में से ज्यादातर लोगो ने इसके बारे में सुन ही रखा होगा l ये सचमुच सबसे बेहतरीन चैनल है l खान अकादमी ने अलग अलग भाषाओं में लगभग सभी विषयों पर बहुत ही बेहतरीन videos बनाए है l Khan Academy India में खासकर छठी से लेकर बाहरवी तक के बच्चों के लिए बहुत अच्छी सामग्री बनाई है जो पाठ्यक्रम पर आधारित भी है l

9. Youtube Kids (https://www.youtubekids.com/)

Youtube ने youtubekids के नाम से एक नया मंच शुरू किया है जिसकी वेबसाइट और अप्प दोनों है l Youtubekids पर बच्चों को इंग्लिश, मैथ्स, DIY के अच्छी quality के videos मिल जाएँगे l इस वेबसाइट के जरिये बच्चों को number blocks, phonics, etc. सिखाना काफी मजेदार रहेगा l

https://learnathome.withyoutube.com/videos/ ये वेबसाइट parents के लिए है वो बच्चों की उम्र के अनुसार सामग्री चुन सकते है और बच्चों को घर पर पढ़ा सकते है l

10. Zee Kids (https://www.youtube.com/user/zeeqindia/)

ये चैनल हर उम्र के बच्चों के लिए fun learning के साथ साथ मनोरंजन के बहुत सारे videos उपलब्ध है l यहाँ बच्चों के लिए घर पर खुद से कुछ करने के लिए DIY (Do It Yourself) videos दिए हुए है l अगर बच्चे ऑनलाइन कुछ देखने की जिद कर रहे हो तो ये चैनल खोलकर आप उन्हें देख सकते है l

उम्मीद है आपको ये लिस्ट पसंद आएगी l अगर आपको इससे संबंधित और चैनल्स के बारें में जानकारी है तो कृपया कमेंट करे l मैं इस पोस्ट को हर अपडेट कर दूंगा l इससे संबंधित कोई भी चर्चा करनी हो तो आप मुझे baljeet.varitra@gmail.com पर contact कर सकते है l हैप्पी लर्निंग l

Read this article at https://www.youthkiawaaz.com/2020/05/youtube-से-पढ़ाई-के-10-महत्वपूर्ण-चै/